राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Skill/MOOC/2021/415; दिनांक : 20 April 2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय : राजकीय एवं निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में रोजगारोन्मुख कौशल क्षमता विकास एवं दक्षता हेतु IIIT, Kota के माध्यम से आरम्भ किये गये **MOOC कोर्सेज के उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के संबंध में।**

सन्दर्भ : आकाशि का पत्रांक CCE/ISDC/Skill/MOOC/2021/401; दिनांकः 12 April 2021 के क्रम में।

लेख है कि विद्यार्थियों में रोजगारपरक क्षमता विकास हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा विद्यार्थियों में उच्चशिक्षानुरुप रोजगारोन्मुख क्षमता विकास एवं दक्षता हेतु IIIT, Kota के साथ MOOC कोर्सेज आरम्भ किये जा रहे हैं, जिनके बारे में उपर्युक्त पत्र के माध्यम से सभी को सूचित किया जा चुका है। चूंकि इन MOOC कोर्सेज को स्वयं के value addition के लिये शिक्षक भी ज्वाइन कर सकते हैं, अतः उक्त पत्र के माध्यम से इन कोर्सेज के लिये विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को रजिस्ट्रेशन आरम्भ करने के लिये निर्देशित किया गया है। यहां यह कहते हुए खुशी है कि कम समय में ही इन कोर्सेज में लगभग 5000 हजार रजिस्ट्रेशन्स हो चुके हैं। यह प्रथम बैच (मई– सितम्बर 2021) है जिसमें केवल 10 हजार लाभार्थियों को ही रजिस्ट्रेशन की अनुमति होगी। अतः **इन कोर्सेज में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ आधार पर ही रखा गया है।**

रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के साथ साथ इस योजना के अगले चरण में **इन MOOC कोर्सेज का उद्घाटन श्री भंवर सिंह भाटी, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2021 को प्रातः 11.30 बजे ऑनलाइन किया जायेगा।** इस कार्यक्रम में श्रीमान शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान एवं IIIT, Kota के निदेशक भी उपस्थित रहेंगे। अतः **निर्देशिक किया जाता है कि दिनांक 22 अप्रैल 2021 को प्रातः 11 बजे ऑनलाइन आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम में सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं रजिस्टर्ड विद्यार्थी नीचे दी गई YouTube Live Streaming लिंक के माध्यम से कार्यक्रम में दिनांक 22 अप्रैल 2021 को प्रातः 11.15 बजे तक जुडना सुनिश्चित करें।**

https://youtu.be/A6AfyqeN26I

इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय बूंदी द्वारा किया जायेगा, अतः किसी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु इसी महाविद्यालय के **डा. दिलीप राठौड,** सहायक आचार्य, वनस्पति शास्त्र से उनके **मोबाइल नम्बर 7014954176** पर सम्पर्क करें। आयुक्तलाय स्तर पर किसी प्रकार की सहायता अथवा मार्गदर्शन हेतु नवाचारं एवं कौशल विकास प्रभारी अधिकारी डा. विनोद कुमार भारद्वाज से उनके मोबाइल नम्बर 94143 04650 पर सम्पर्क करें।

संदेश नायक, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/Skill/MOOC/2021/416-18; दिनांक : 20 April 2021
सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्चशिक्षा विभाग, राजस्थान।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
3. निदेशक, ट्रिपलआईटी कोटा, राजस्थान।
4. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
6. समन्वयक, ट्रिपलआईटी कोटा, राजस्थान।
7. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
8. परियोजना प्रभारीगण, ई–लर्निंग एण्ड डाटा एनालिटिक्स लैब, ट्रिपलआईटी कोटा, राजस्थान।
9. समस्त प्रभारी अधिकारीगण, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
10. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु/रक्षित पत्रावली।

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ